भाकृअनुप
ICAR

खरपतवार समाचार

(भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय का अर्धवार्षिक समाचार-पत्र)

WEED NEWS

(A Half-Yearly Newsletter of ICAR - Directorate of Weed Research)

जुलाई-दिसम्बर, 2022
खंड 22, क्रमांक 02

July-December, 2022
Vol. 22, No.02

विषय सूची
Contents

निदेशक की कलम से / From Director's Desk 1

अनुसंधान उपलब्धियाँ / Research Achievements 2-4

तीन तरफा असरकारक शाकनाशी द्वारा गन्ने में खरपतवार प्रबंधन
Weed management in sugarcane using three-way herbicide 2

अलसी में रासायनिक खरपतवार प्रबंधन
Chemical weed management in linseed 2

छत्तीसगढ़ के मरवाही जंगल में लेंटाना कैमारा उन्मूलन का मृदा की कुल सुक्ष्मजीवी गतिविधि पर प्रभाव
Effect of *Lantana camara* removal on total microbial activity in soils of Marwahi forest, Chhattisgarh 3

पंचकुटा के बीज की गहराई का उसके अंकुरण पर प्रभाव
Effect of burial depth on seedling emergence of *Physalis minima* from seeds 3

सूखा तनाव के तहत गुल्लीडंडा और जंगली मेथी के खिलाफ शाकनाशियों की प्रभावकारिता
Efficacy of herbicides against *Phalaris minor* and *Medicago polymorpha* under drought stress 4

इमाजेथापायर प्रतिरोधी और संवेदनशील जंगली चावल के बायोटाइप में एएलएस एंजाइम गतिविधि का अनुमान
Estimation of ALS enzyme activity in imazethapyr resistant and susceptible biotypes of jungle rice 4

आयोजित कार्यक्रम / Programmes organized 5

समीक्षा बैठक / Review Meeting 13

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गतिविधियां / Activities of Rajbhasha Karyanvayan Samiti 13

विशिष्ट आगंतुक / Distinguished visitors 14

मानव संसाधन विकास / Human Resource Development 14

पुरस्कार एवं सम्मान/Awards and Recognitions 16

सामान्य खरपतवार
Common Weeds

फिजलिस मिनिमा *Physalis minima*

लेंटाना कैमारा *Lantana camara*

निदेशक की कलम से
From Director's Desk

भा.कृ.अनु.प.-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय की ओर से बधाई

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को "अतंर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष" घोषित किया गया है। विश्व के कुल पोषक अनाज उत्पादन में 15% की भागीदारी के साथ भारत अग्रणी देश हैं। हमारे देश में कई तरह के पोषक अनाज जैसे– ज्वार, बाजरा, रागी, संवा, चीना, कोदो, कुटकी एवं कंगनी की खेती की जाती है। लेकिन इनकी औसत पैदावार काफी कम है। खरीफ मौसम की फसल होने के कारण मोटे अनाजों में घास कुल के खरपतवार जैसे जानसन घास, संवा, कोदो, पेनिकम, सिटेरिया आदि के साथ–साथ चौड़ी पत्ती वाले तथा मोथा कुल के खरपतवार 15–83% तक फसल की पैदावार को कम कर देते है। मिलेट्स के साथ समानता एवं शाकनाशी रसायनों की कम प्रभाव शीलता के कारण इन फसलों में घास कुल के खरपतवारों का प्रबंधन प्रमुख समस्या हैं। भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार अनुसंधान केंद्रो के साथ मिलकर मोटे अनाज की फसलों में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन तकनीक के विकास पर अनुसंधान कार्य कर रहा हैं। जिससे खरपतवारों द्वारा होने वाली हानि को कम करके इन फसलों की उपज एवं उत्पादन बढ़ाया जा सकें।

जुलाई से दिसम्बर, 2022 के दौरान निदेशालय द्वारा शोध, प्रसार एवं क्षमता निर्माण की दिशा में सराहनीय प्रयास किया गया। गन्ने में तीन तरफा असरकारक शाकनाशी (2,4–डी मेट्रीब्यूजिन + पायराजोसल्फ्यूरान) के प्रयोग से खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ पैदावार में 32% की वृद्धि पायी गई। अलसी की फसल में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों की रोकथाम के लिए प्रभावी शाकनाशियों का मूल्यांकन किया गया। पंचकुटा (*फाइसैलिस मिनिमा*) खरपतवार का बीज जमीन में 3 से.मी. की गहराई से 28 दिनों तक उगने की क्षमता रखता है। जंगलो में लैंटाना खरपतवार के कारण भूमि में जीवाणुओं की संख्या में कमी पाई गई। संवा खरपतवार की इमाजेथापायर सहिष्णु एवं संवेदनशील प्रजातियों में इमाजेथापायर की विभिन्न मात्राओं का ए.एल.एस. एन्जाइम की गतिविधियों में कोई परिवर्तन नही पाया गया। जिससे यह सिद्ध होता है कि संवा में इस रसायन के प्रति सहिष्णुता अलग ए.एल.एस. जीन व्यवहार के कारण नही हैं।

निदेशालय द्वारा इस अवधि के दौरान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण, गाजरघास जागरूकता सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा, सर्तकता जागरुकता पखवाड़ा, विश्व मृदा दिवस, तृतीय अतंर्राष्ट्रीय खरपतवार सम्मेलन, स्वच्छता पखवाड़ा एवं संस्थान प्रबंधन समिति की बैठक आदि कार्यक्रम आयोजित किए गये। इसके अतिरिक्त किसानों, वैज्ञानिकों एवं अन्य हितग्राहियों के लाभ के लिए प्रशिक्षण एवं व्याख्यान की श्रृंखला आयोजित की गई। इस अवधि के दौरान निदेशालय के वैज्ञानिकों को पुरस्कार एवं सम्मान भी प्राप्त हुये। मैं खरपतवार समाचार के इस अंक के समय से प्रकाशन के लिए संपादक मंडल एवं अन्य योगदान कर्त्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

Greetings from ICAR-DWR

The year 2023 has been declared as the 'International Year of Millets' by the United Nations. India is the global leader in production of millets with a share of around 15% of the world total production. A variety of millets viz. sorghum (*Sorghum bicolor* L.), pearl millet (*Pennisetum glaucum* L.), finger millet (*Eleusine coracana* L.), barnyard millet (*Echinochloa frumentacea* L.), proso millet (*Panicum miliaceum* L.), kodo millet (*Paspalum scrobiculatum* L.), little (Kutki) millet (*Panicum sumatrense*) and foxtail millet (*Setaria italica* L.), are grown in India. However, the average productivity of these crops is very low. Being rainy season crops, these are infested with 'difficult- to-control' grassy weeds (*Sorghum halepens, Eleusine indica, Echinochloa colona/crus-galli, Panicum repens, Paspalidium flavidum, Setaria glauca*, etc.) as well as many broad-leaved weeds and sedges, reducing the crop yields by 15-83%. The management of these grassy weeds in millets is very difficult due to crop mimicry and non-availability of selective herbicides. Therefore, efforts are being made by the ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur and its coordinating centres to develop integrated weed management technologies to reduce crop losses due to weeds, and increase the productivity and production of millets.

During July to December, 2022, the Directorate has made sincere efforts to strengthen the research, extension and capacity building activities. Three-way application of herbicide (2,4-D + metribuzin + pyrazosulfuron) in sugarcane resulted in excellent weed control and 32% increase in cane yield. The promising herbicides for broad-leaved weed control in linseed have been evaluated. The *Physalis minima* seedlings emerged up to 28 days from 3 cm soil depth. Infestation of *Lantana camara* in the forest ecology reduces the microbial activity in soil. The activity of ALS enzyme in imazethapyr-resistant and -susceptible biotypes of *Echinochloa colona* did not vary by different doses of imazethapyr, indicating that the imazethapyr resistance in *E. colona* is not due to differential ALS gene expression.

Many events such as Trainings and Field visits, Parthenium Awareness Week, Hindi Pakhawara, Vigilance Awareness Week, World Soil Day, 3rd International Weed Conference, Swachhata Pakhawara, IMC meeting, etc. were organized. Further, a series of training programmes and extension lectures were also organized for the benefit of the farmers, scientists and other stakeholders. Many awards and recognitions were received by the Directorate during the period. I thank the Editorial Board and other contributors for their sincere efforts in bringing out this Newsletter timely.

अनुसन्धान उपलब्धियाँ / Research achievements

तीन तरफा असरकारक शाकनाशी द्वारा गन्ने में खरपतवार प्रबंधन

वी.के. चौधरी

गन्ना एक लंबी अवधि की फसल है। व्यापक पंक्ति अंतराल, प्रारंभिक धीमी वृद्धि और लगातार सिंचाई, खरपतवारों के कई फ्लश में उद्भव के लिए अनुकूलता प्रदान करती है और गन्ने की उपज को 10–70% तक कम कर देती है। अधिकांश किसान खरपतवार नियंत्रण के लिए एट्राजीन की 1.5–2.0 किलोग्राम/हेक्टेयर (अंकुरण पूर्व) का उपयोग करते हैं, इसके पश्चात व्यापक खरपतवार नियंत्रण के लिए गुड़ाई और मिटटी की चढ़ाई करते हैं। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में किसानों के खेतों में किए गए प्रयोग के परिणामों से संकेत मिलता है कि तीन–तरफा शाकनाशी (2,4–डी सोडियम साल्ट + मेट्रिबुजिन + पाइराज़ोसल्फ्यूरॉन – एथिल) के 2.40 किग्रा/हेक्टेयर जिसका वाणिज्यिक फॉर्मूलेशन (ट्रीस्केल और त्रिशुक) के 3.0 किग्रा / हेक्टेयर के उपयोग ने लंबी अवधि के लिए उत्कृष्ट खरपतवार नियंत्रण (>95%) प्रदान किया और किसान द्वारा अपनाई गई विधि की तुलना में 32% अधिक गन्ना उपज (110 टन /हेक्टेयर) प्रदान की।

Unweeded control

Weed management in sugarcane using three-way herbicide

V.K. Choudhary

Sugarcane is a long-duration crop. Wider row spacing, initial slow growth and frequent irrigation facilitate the weed emergence in several flushes and reduce the cane yield by 10-70%. Majority of the farmers uses atrazine at 1.5-2.0 kg /ha as pre-emergence followed by intercultivation and earthing-up for broad-spectrum weed control. Results of an experiment conducted at farmer's fields in Narsinghpur district of Madhya Pradesh indicated that application of three-way herbicide (2,4-D sodium salt + metribuzin + pyrazosulfuron-ethyl at 2.40 kg /ha with commercial formulations (Triskale and Trishuk) of 3.0 kg/ha provided excellent weed control (>95%) for a longer period and 32% more cane yield (110 t/ha) as compared to farmer's practice.

2,4-D sodium salt + metribuzin + pyrazosulfuron-ethyl at 2.40 kg /ha

अलसी में रासायनिक खरपतवार प्रबंधन

वी.के. चौधरी एवं मुनि प्रताप साहू

अलसी के उत्पादन में खरपतवार प्रमुख बाधाओं में से एक है। इससे उपज की औसत हानि 20–45% के बीच होती है। अलसी उत्पादकों द्वारा पेंडिमेथालिन 1.00 किलोग्राम/ हेक्टेयर (पूर्व–उद्भव के रूप में) सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शाकनाशी है। हालांकि, बाद में उगने वाले चौड़ी–पत्ती के खरपतवार प्रमुख चिंता का विषय है जो अलसी के विकास और उपज को सीमित करते हैं। प्रारंभिक अध्ययनों से पता चला है कि क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन 60+4 ग्राम/हेक्टेयर (प्री मिक्स), टोप्रामेज़ोन 25.2 ग्राम/हेक्टेयर, मेटसल्फ्यूरॉन 4 ग्राम/हेक्टेयर और इमाज़ेथापायर 100 ग्राम/हेक्टेयर को बुवाई के 20 दिनों के बाद अनुप्रयोग ने व्यापक खरपतवार नियंत्रण, उच्च बीज उपज के साथ अधिक लाभप्रद था।

Chemical weed management in linseed

V.K. Choudhary and Muni Pratap Sahu

Weeds are one of the major production constraints in linseed production. On average yield loss range between 20-45%. Pendimethalin at 1.00 kg/ha as pre-emergence is the most commonly used herbicide by linseed growers. However, the later flush of weeds, especially broad-leaved weeds are of major concern that limits the growth and yield of linseed. Preliminary studies have indicated that premix application of clodinafop+metsulfuron at 60+4 g/ha, topramezone 25.2 g/ha, metsulfuron 4 g/ha and imazethapyr 100 g/ha at 20 days after sowing provided broad spectrum weed control, higher seed yield and profitable.

छत्तीसगढ़ के मरवाही जंगल में *लेंटाना कैमरा* उन्मूलन का मृदा की कुल सुक्ष्मजीवी गतिविधि पर प्रभाव

हिमांशु महावर, अजिन शेखर, दिग्विजयसिंह राठौड़ एवं आनंद सैयम

खरपतवार हटाने के प्रयोग खरपतवार के प्रभाव, प्रबंधन तकनीकों को मान्य करने और जैव विविधता को बनाए रखने के साधनों का प्रदर्शन करने के लिए पुख्ता प्रमाण प्रदान करते हैं। *लैंटाना कैमरा* की आक्रामक विदेशी प्रजातियों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख और उप–वन प्रकारों पर आक्रमण किया है। *लैंटाना कैमरा* को छत्तीसगढ़ के मरवाही जंगल में जड़–उन्मूलन विधि के माध्यम से हटाया गया था। लैंटाना उपचारित और अनुपचारित क्षेत्रों पर मिट्टी के स्वास्थ्य का आंकलन मिट्टी की सतह (0–15 सेमी) और उपसतह (15–30 और 30–45 सेमी) में कुल सुक्ष्मजीवी डीकंपोजर गतिविधि की मात्रा माप कर किया गया। सभी सुक्ष्मजीवी गतिविधि को फ्लोरेसिन–डायसेटेट (एफडीए) द्वारा मापा गया था, जो मिट्टी के माइक्रोबियल अपघटन का एक सूचक है और जैव–रासायनिक चक्र के उचित कार्य के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। कुल सुक्ष्मजीवी गतिविधि को फ्लोरेसिन–डायसेटेट परख (एफडीए) द्वारा मापा गया, जो मिट्टी के सुक्ष्मजीवी अपघटन का एक संकेतक है और जैव–भूरासायनिक चक्र के उचित कार्य प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण अवयव है। उपचारित मिट्टी की तुलना में अनुपचारित मिट्टी में एफडीए हाइड्रोलाईसिस 2–18% अधिक था। उच्चतम हाइड्रोलाईसिस मिट्टी की उपसतह परत (15–30 सेमी) में देखा गया था।

Effect of *Lantana camara* removal on total microbial activity in soils of Marwahi forest Chhattisgarh

Himanshu Mahawar, Ajin Sekhar, Digvijaysinh Rathod and Anand Saiyam

Weed removal experiments provide strong evidence for weed impacts, validating management techniques and demonstrating the means by which biodiversity can be maintained. The invasive alien species of *Lantana camara*, has invaded Chhattisgarh's major and sub-forest types. *L. camara* was removed through the uprooting method in the Marwahi forest of Chhattisgarh, and its impact on soil health in surface (0-15 cm) and subsurface (15-30 and 30-45 cm) layers was assessed by quantifying the activity of soil microbial decomposers at Lantana treated and untreated sites. Total microbial activity was measured by fluorescein-diacetate assay (FDA), an indicator of soil microbial decomposition and an important component for the appropriate functioning of biogeochemical cycling. The FDA hydrolysis was 2-18% higher in untreated than treated soil. The highest hydrolysis was observed in the subsurface layer of soil (15-30 cm).



Fig. Fluorescein-diacetate hydrolysis activity in Lantana treated and untreated soils

पंचकुटा के बीज की गहराई का उसके अंकुरण पर प्रभाव

पिजुश कान्ति मुख़र्जी

खरपतवार जीवविज्ञान अध्ययन में पंचकुटा के अंकुरण पर मिट्टी में उसके बीजों की गहराई के प्रभाव का मूल्यांकन करने से पता चला कि मिट्टी की प्रोफाइल में 3 सेमी की गहराई तक लंबवत वितरित किए गए बीज 28 दिनों के भीतर अंकुरित हुए। 18वें और 20वें दिन में क्रमशः 1 और 2 सेमी की गहराई से 100 प्रतिशत अंकुरण दर्ज किया गया, एवं 28वें दिन, मिट्टी की 0 और 3 सेमी की गहराई से क्रमशः 64 और 9 प्रतिशत अंकुरण दर्ज किया गया। मिट्टी की 3 सेमी गहराई पर बीजों में प्रसुप्तता आई, और 87वें दिन मिट्टी को उलटने के परिणामस्वरूप 134वें दिन तक अतिरिक्त 51 प्रतिशत उद्भव हुआ (मिट्टी की 3 सेमी गहराई से कुल 60% उद्भव हुआ)।

Effect of burial depth on seedling emergence of *Physalis minima* from seeds

Pijush Kanti Mukherjee

Weed biology studies to evaluate the effect of weed seeds' burial depth on *Physalis minima* seedling emergence revealed that seedlings emerged within 28 days from the seeds that were distributed vertically up to the depth of 3 cm in the soil profile. 100% emergence was recorded from 1 and 2 cm depth on the 18th and 20th day, respectively, and 64% and 9% emergence were recorded from 0 and 3 cm soil depth, respectively, on the 28th day. Seeds at 3 cm soil depth have undergone enforced dormancy, and turning the soil on the 87th day resulted in additional 51% emergence on 134th day (a total of 60% emergence from 3 cm soil depth).



सूखा तनाव के तहत गुल्लीडंडा और जंगली मेथी के खिलाफ शाकनाशियों की प्रभावकारिता

दसारी श्रीकांत, दीपक विश्वनाथ पवार और शोभा सोंधिया

रबी 2021–22 के दौरान गेहूं में गुल्लीडंडा और जंगली मेथी के खिलाफ सूखे के तनाव के प्रभाव पर शाकनाशी [क्लोडिनाफॉप (60 ग्राम/हेक्टेयर) + मेट्सल्फ्यूरॉन (4 ग्राम/हेक्टेयर)] के प्रभावकारिता के प्रभाव पर एक प्रयोग किया गया। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला कि खरपतवार मुक्त गेहूं में नियंत्रण की तुलना में सूखे के तहत उपज में 33.94% की कमी आई। खरपतवार हस्तक्षेप ने आरडब्ल्यूसी, एमएसआई और कुल क्लोरोफिल मात्रा जैसे मापदंडों को बदल दिया जो कि सूखे के तहत कम पाया गया। सूखे के तहत खरपतवार के हस्तक्षेप से फिनोल और प्रोलीन की मात्रा महत्वपूर्ण थी। पानी की कमी वाले वातावरण में जंगली मेथी एक प्रमुख समस्याग्रस्त खरपतवार बन जाएगा (चित्र)।

Efficacy of herbicides against *Phalaris minor* and *Medicago polymorpha* under drought stress

Dasari Sreekanth, Deepak Vishwanath Pawar and Shobha Sondhia

An experiment was conducted on the effect of drought stress on herbicide efficacy [clodinafop (60 g ai/ha) + metsulfuron (4 g ai/ha)] against *P. minor* and *M. polymorpha* in wheat during *Rabi* 2021-22. The findings of the study revealed that in weed-free wheat, the yield was significantly reduced by 33.94% under drought, compared to control. The effect of herbicide was reduced under drought compared to ambient. Weed interference altered the physiological parameters like RWC, MSI and total chlorophyll content, and was found to be lowered under drought. The content of phenol and proline was significantly by weed interference under drought. *M. polymorpha* will become a major problematic weed in a water scarcity environment.

Fig. Effect of drought stress on herbicide efficacy

इमाज़ेथापायर प्रतिरोधी और संवेदनशील जंगली धान के बायोटाइप में एएलएस एंजाइम गतिविधि का अनुमान

दीपक विश्वनाथ पवार, दसारी श्रीकांत और शोभा सोंधिया

जंगली धान के प्रतिरोधी और संवेदनशील बायोटाइप के बीज को 20 सेमी व्यास और 22 सेमी ऊंचाई के प्लास्टिक के गमलों में बोया गया। 4–5 पत्ती अवस्था वाले जंगली धान के पौधों को 100, 200 और 400 ग्राम/हेक्टेयर की दर से इमेजेथापायर शाकनाशी से उपचारित किया गया। जंगली धान के प्रतिरोधी और संवेदनशील बायोटाइप की पत्तियों से एएलएस एंजाइम बायोएस्से किया गया। एएलएस एंजाइम गतिविधि मूल्यों को बोवाइन सीरम एल्ब्यूमिन (बीएसए) की मात्रा द्वारा मानकीकृत किया गया, जिसे ब्रैडफोर्ड विधि द्वारा निर्धारित किया गया था, और प्रति मिलीग्राम प्रोटीन (एंजाइम); (µmol·min-1·mg) के ऊष्मायन के प्रति मिनट उत्पादित एसीटोन की मात्रा का अवलोकन किया गया। जंगली धान–प्रतिरोधी और संवेदनशील बायोटाइप्स में इमेजेथापायर की विभिन्न मात्रा के उपचार से एएलएस एंजाइम गतिविधि प्रभावित नहीं हुई।

Estimation of ALS enzyme activity in imazethapyr resistant and susceptible biotypes of jungle rice

Deepak Vishwanath Pawar, Dasari Sreekanth, and Shobha Sondhia

Seeds of resistant and susceptible biotypes of jungle rice (*Echinochloa colona*) were sown in plastic pots of 20 cm diameter and 22 cm height. The 4-5 leaf stage plants were treated with herbicide imazethapyr at 100, 200 and 400 g/ha. The ALS enzyme bioassay from the leaves of resistant and susceptible biotypes of *E. colona* was carried out. ALS enzyme activity values were standardized by the concentration of bovine serum albumin (BSA), quantified by the Bradford method, and expressed by the amount of acetoin produced per minute of incubation per milligram of protein (enzyme) (µmol·min-1·mg-1 protein), determined by the standard curve of acetoin. It was observed that the ALS enzyme activity was not affected by applying different doses of imazethapyr in *E. colona*-resistant and susceptible biotypes.



Fig. ALS enzyme activity in imazethapyr resistant and susceptible biotypes of *E. colona* at the two-leaf stage treated with different doses of imazethapyr

आयोजित कार्यक्रम / Programmes organized

गाजरघास जागरूकता सप्ताह

भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ने 16–22 अगस्त 2022 तक पूरे देश में गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें भा.कृ.अनु.प. संस्थान, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, कृ.वि.के., गैर सरकारी संगठन, नगर पालिकाएं, स्कूल, राज्य सरकार के विभाग और अन्य संगठन शामिल थे। कई गति विधियां जैसे जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, पार्थेनियम को उखाड़ना, फोटो प्रदर्शनी, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, जैव नियंत्रण एजेंट जाइगोग्रामा बाइकोलाराटा का छोड़ना और वितरण आदि शामिल था। सीआरपीएफ मोकामा, पटना (बिहार) तथा रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ लाइव संवाद के साथ एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सप्ताह के दौरान, किसानों को फसल की पैदावार, मानव और पशु स्वास्थ्य और जैव विविधता पर गाजरघास के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। भिडारीकला बड़ौदा गांव में एक कार्यक्रम किया गया जिसमें आसपास के गांवों के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया।

फार्मर फर्स्ट प्रोग्राम के तहत चयनित ग्रामों में साइट समिति की बैठक

जबलपुर जिले के चयनित बड़ौदा और उमरिया चौबे गांव में 30 अगस्त 2022 को फार्मर फर्स्ट कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिकों और किसानों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के साथ विभिन्न मॉड्यूल पर चर्चा करना और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए भविष्य की कार्य योजना तैयार करना था। कार्यक्रम के प्रधान अन्वेषक डॉ पी. के. मुखर्जी ने खरपतवार नियंत्रण में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न नोजल के बारे में जानकारी प्रदान की, डॉ वीके चौधरी ने विभिन्न फसलों में खरपतवार प्रबंधन के बारे में चर्चा की। डॉ योगिता घरडे ने मशरूम की खेती के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने की जानकारी दी, और कृषि में महिलाओं की भागीदारी के बारे में चर्चा की। डॉ. दीपक पवार ने अतिरिक्त कृषि आय उत्पन्न करने के लिए खेतों के खाली मेड़ों पर फलदार पेड़, सब्जियां और फूल लगाने पर जोर दिया। बैठक में कुल 85 किसानों ने भाग लिया।

Parthenium Awareness Week

The ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur organized Parthenium Awareness Programmes from 16-22 August 2022 throughout the country involving ICAR institutions, State Agricultural Universities, KVKs, NGOs, municipalities, schools, state government departments, and others organizations. Several activities viz., awareness programmes, rallies, uprooting of Parthenium, photo exhibitions, workshops, training, release and distribution of biocontrol agent *Zygograma bicolorata*, etc. CRPF Mokama, Patna (Bihar), An online programs with live interaction with farmers from Madhya Pradesh, Bihar, Uttar Pradesh, Rajasthan, and Chhattisgarh was also organized in collaboration with Reliance Foundation. During the week, farmers were also made aware of the ill effects of Parthenium on crop yields, human and animal health, and biodiversity. A programme was organized at Bhidarikala Baroda village in which about 200 farmers from nearby villages participated.

Site Committee Meeting under Farmer First Programme in adopted villages

A joint meeting of scientists and farmers under the Farmer First Program was organized on August 30, 2022 in selected Baroda and Umaria Choubey villages of Jabalpur district. The main objective of this program was to discuss various modules with the farmers and prepare future action plans to solve their problems. Dr. P. K. Mukherjee, the PI of the programme provided information about different nozzles used in weed control, Dr. V.K. Choudhary talked about weed management in different crops. Dr. Yogita Gharde informed about earning additional income through mushroom cultivation, and discussed about women's participation in agriculture. Dr. Deepak Pawar emphasized on planting fruit trees, vegetables and flowers on the vacant bunds of the fields to generate additional farm income. Total 85 farmers participated in the meeting.

हिंदी दिवस

निदेशालय में 14 सितंबर, 2022 को हिंदी दिवस मनाया गया और हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. जे.एस.मिश्र ने सभी कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरे वर्ष हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी का देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी व्यापक प्रचार–प्रसार हो रहा है। डॉ. पी. के. सिंह ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी और माननीय सचिव, डेयर और भा.कृ.अनु.प. के महानिदेशक द्वारा भेजे गए संदेशों को पढ़कर सुनाया। उन्होंने अपने संबोधन में हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें सभी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ योगिता घरडे ने किया।

हिंदी पखवाडा

खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में 14–29 सितंबर 2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान आलेखन एवं टिप्पण, तात्कालिक निबंध लेखन , हिन्दी शुद्धलेखन, कम्प्यूटर में यूनिकोड पर टाइपिंग , आशुभाषण (तात्कालिक भाषण), क्विज कांटेस्ट एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. एसपी तिवारी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपनी भाषा की अनदेखी कर के प्रगति नहीं कर सकता है। हिंदी सदियों से हमारी संचार भाषा रही है, और पूरी दुनिया हमारी भाषा की ओर आकर्षित है। डॉ. तिवारी ने कहा कि यह एक शोध संस्थान है, सभी वैज्ञानिक और अधिकारी अपनी–अपनी विशेषताओं के आधार पर काम कर रहे हैं, लेकिन फिर भी हिंदी के काम या हिंदी को बढ़ावा देने में सभी की बहुत रुचि है, यह एक सराहनीय कदम है।

डॉ. जेएस मिश्र ने कहा कि हिंदी सभी भाषाओं की बहन है, इसमें सभी भाषाओं को एकीकृत करने की अपार शक्ति है। हिंदी बोलते समय हमें गर्व महसूस करना चाहिए। इस अवसर पर राजभाषा क्रियान्वयन समिति के प्रभारी श्री बसंत मिश्रा ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वागत किया। प्रोत्साहन योजना के तहत निदेशालय के वर्ष भर में 20,000 शब्दों से अधिक हिन्दी लिखने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को वरीयता क्रम के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार नगद एवं प्रतियागिताओ के विजेताओ को निदेशक एवं अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किये गये। निदेशालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका ''तृण संदेश'', ''वार्षिक रिर्पोट'' एवं ''निदेशालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियॉं'' का विमोचन भी किया गया।

Hindi Diwas

Hindi Diwas was celebrated and Hindi Pakhwada was inaugurated in the Directorate on 14th September, 2022. On this occasion, Dr. JS Mishra, Director, administered the official language pledge along with all the employees. While congratulating everyone on Hindi Diwas, he motivated all the officers and employees to do more and more work in Hindi throughout the year. He said that Hindi is being widely promoted not only in the country but also in foreign countries. Dr. P.K. Singh read out the messages sent by Hon'ble Shri Kailash Chaudhary, Minister of State for Agriculture and Farmers Welfare, Government of India, and Hon'ble Secretary DARE & Director General of ICAR. In his address, he gave detailed information about the various competitions to be organized during the Hindi Pakhwada and encouraged them to participate in maximum numbers in all the competitions. The program was coordinated by Dr. Yogita Gharde.

Hindi Pakhwada

Hindi Pakhwada was organized from 14-29 September 2022 in the DWR. Competitions viz., drafting and noting, improvised essay writing, Hindi proofreading, typing on Unicode in computer, Ashubhasan (improvised speech), quiz contest and debate were organized during the the Hindi Pakhwada. Dr. S.P. Tiwari, Vice Chancellor, Nanaji Deshmukh Veterinary Science University Jabalpur was the Chief Guest in the closing ceremony. He said that no country in the world can progress by ignoring its language. Language has amazing power, it connects us to each other, and language is a medium of expression of society, culture, history, nation's identity and its future goals. Hindi has been our communication language for centuries, the whole world is attracted towards our language. Dr. Tiwari said that this is a research institute, all the scientists and officers are working on the basis of their respective specialities, but still everyone has great interest in the work of Hindi or promoting Hindi, this is a commendable step.

Dr. J.S. Mishra said that Hindi is the sister of all languages, it has immense power to integrate all languages. We should feel proud while speaking Hindi. On this occasion, Mr. Basant Mishra, in-charge of the Official Language Implementation Committee, welcomed all the officers/employees. Under the incentive scheme, first, second, third prizes were given to the officers and employees who wrote more than 20,000 words in Hindi during the year. The Hindi magazine "Trin Sandesh", "Annual Report" and "Significant Achievements" published by the Directorate were also released.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन

भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ने माननीय प्रधानमंत्री के वर्चुअल टेलीकास्ट को सुनने के लिए 17 अक्टूबर 2022 को किसान सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जबलपुर के 17 गांवों के 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया। श्री राकेश सिंह, माननीय सांसद, जबलपुर मुख्य अतिथि थे। श्री राकेश सिंह, माननीय सांसद, जबलपुर मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने किसानों को संबोधित करते हुए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनसे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थान्तरित की गई। निदेशालय के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने निदेशालय द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों, खरपतवार प्रबंधन में उभरती चुनौतियों और उनके समाधानों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ पीके सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने किया, जिन्होंने मुख्य अतिथि और किसानों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके चौधरी द्वारा किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं एकता प्रतिज्ञा

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 31 अक्टूबर से 06 नवंबर, 2022 तक किया गया। इस सप्ताह के दौरान, निदेशक द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि निदेशालय में भ्रष्टाचार के मामले नगण्य हैं और अधिकारियों और कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि वे अपने काम को इसी ईमानदारी से प्रतिपादित करें, जिससे संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़े और हम सब मिलकर देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में सक्षम होंगे। इस जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

समापन कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. पीके सिंह ने कहा कि सरकारी कार्य समय पर और पारदर्शी तरीके से होने चाहिए, इससे स्वस्थ परंपरा का पालन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में बहुत योगदान मिलेगा, तथा अधिकारियों और कर्मचारियों से ईमानदारी से अपना कार्य करने का आग्रह किया। सतर्कता अधिकारी, डॉ वीके चौधरी ने सतर्कता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की अपील की। इस सप्ताह के दौरान, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए। प्रशासनिक अधिकारी, श्री आर. हाडगे ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

PM Kisan Samman Sammelan

The ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur organized Kisan Sammelan on 17 October 2022, in order to listen the virtual telecast of Hon'ble Prime Minister. In this programme more than 250 farmers from 17 villages of Jabalpur participated. Shri Rakesh Singh, Hon'ble Member of Parliament, Jabalpur was the Chief Guest. The Chief Guest while addressing the farmers, explained in detail about the various schemes being run by the Government of India, which are benefiting the farmers. On this occasion, the 12th installment of Kisan Samman Nidhi was directly transferred to the bank accounts of the farmers by Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji. Dr. J.S. Mishra, Director briefed about the research work being done by this Directorate, emerging challenges in weed management and their solutions. The program was coordinated by Dr. P.K. Singh, Principal Scientist, who welcomed the Chief Guest and the farmers, and informed about the program. The vote of thanks was proposed by Dr. V.K. Choudhary, Sr. Scientist.

Vigilance Awareness Week and unity pledge

Vigilance Awareness Week was organized from 31st October to 06th November, 2022. During this week, the Integrity Pledge was administered by the Director. He told that the cases of corruption in the Directorate are negligible and also urged the officers and employees to render their work with the same honesty, which will increase the prestige of the Institute and together we will be able to make the country corruption free. Various competitions and lectures were organized during this awareness week.

In the concluding program Dr. P. K. Singh, Principal Scientist said that the government work should be done in a timely and transparent manner, this would contribute a lot to the progress of the nation by following a healthy tradition, urged the officers and employees to render their work honestly. Dr. V. K. Choudhary, Vigilance Officer presented a lecture on Vigilance. Discussing in detail the various dimensions of corruption, he appealed to the officers and employees to make the country corruption free. During this week, various competitions were organized and prizes were distributed. Sh. R. Hadge, Administrative Officer coordinated the programme.

फार्मर–फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत 'प्रक्षेत्र दिवस' का आयोजन

भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर में चल रही फार्मर फर्स्ट परियोजनांतर्गत चयनित ग्राम बरौदा में दिनांक 10 नवम्बर 2022 को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. पी.के. मुखर्जी द्वारा परियोजना के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. व्ही के चौधरी ने गंगा संकर धान एवं साईहेलोफॉप ब्यूटाइल 5.1% + पेनाक्स्सूलम 1.02% (विवाया) खरपतवारनाशी के परिणामों के विषय में चर्चा की।

डॉ. दसारी श्रीकांत ने बताया कि खेतों एवं घर के आस–पास खाली पड़ी जमीन पर सब्जी उत्पादन कर आय के अतिरिक्त स्त्रोत बना सकते है। श्री. जमालुद्दीन ए. ने फसल उत्पादन में होने वाले व्ययों को कम करने के संबंध में जानकारी दी। इस कार्यक्रम से ग्राम बरौदा के कुल 45 किसान लाभान्वित हुए।

उत्पादक सामग्री विक्रेता और आपूर्तिकर्ताओं का दौरा

तेंदूखेड़ा, करेली और सिहोरा ब्लॉक, नरसिंहपुर जिला, मध्य प्रदेश से कुल 35 "उत्पादक सामग्री विक्रेता और आपूर्तिकर्ता", जो कीटनाशकों, उर्वरकों और कृषि मशीनरी की आपूर्ति और वितरण का काम कर रहे हैं, ने भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर का 23 नवम्बर, 2022 को दौरा किया। भ्रमण का आयोजन डीएईएसआई कार्यक्रम के तहत किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, नरसिंहपुर जिला (म.प्र.) द्वारा किया गया।

इंजी. चेतन, सी. आर., वैज्ञानिक ने निदेशालय में चल रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और निदेशालय में मौजूद विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया। उत्पादक सामग्री विक्रेता और आपूर्तिकर्ताओं को अनुसंधान क्षेत्रों, इंजीनियरिंग कार्यशाला, मशीनरी शेड, फेस सुविधा आदि में ले जाया गया, और संरक्षण और पारंपरिक कृषि पद्धतियों के तहत फसलों की खेती और खरपतवार प्रबंधन के बारे में बताया । उन्हें सुरक्षा पहलुओं और प्रभावी शाकनाशी अनुप्रयोग प्रणालियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

डॉ. पी.के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने विभिन्न खरपतवार प्रबंधन तकनीकों,विभिन्न फसलों के लिए शाकनाशियों की उपलब्धता, शाकनाशियों का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, आदि के बारे में जानकारी दी। बाद में, शाकनाशियों पर प्रतिबंध, उपलब्धता और खरपतवार प्रबंधन के अन्य पहलुओं के संबंध में संदेहों को स्पष्ट करने के लिए वार्तालाप सत्र का आयोजन किया गया।

'Field Day' under Farmer First Program

ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur organized a field day on 10-11-2022 in the selected village Baroda under the ongoing Farmer First Project. Dr. P.K. Mukherjee presented detailed information about the various dimensions of the project. Dr. V.K. Choudhary discussed about the results of Ganga hybrid paddy and cyhalofop butyl 5.1% + penaxsulam 1.02% (Vivaya) herbicide distributed under the project.

Dr. Dasari Sreekanth told that by producing vegetables on the vacant land around the fields and houses, additional sources of income can be created. Mr. Jamaludheen A. gave detailed information regarding reducing the expenses in crop production. A total of 45 farmers of village Baroda benefited from this programme.

Visit of input dealers & suppliers

A total of 35 input dealers & suppliers from Tendukheda, Kareli and Sihora blocks, Narsinghpur district, Madhya Pradesh, who are dealing with supplying and distribution of pesticides, fertilizers and agricultural machineries visited the ICAR- Directorate of Weed Research, Jabalpur on 23 November, 2022. The visit was organized under DAESI programme, Farmer Welfare and Agriculture Development Department, Narsinghpur district (M.P.).

Er. Chethan, C.R., Scientist briefed about ongoing research activities at the Directorate and also showed the different facilities. Input dealers & suppliers were taken to the research fields, engineering workshop, machinery shed, FACE facility, etc, and were explained about crop cultivation and weed management practices under conservation and conventional agricultural practices. They were also briefed about the safety aspects and effective herbicide application systems.

Dr. P.K. Singh, Pr. Scientist, informed about various methods of weed management, availability of herbicides for different crops, precautionary measures to be taken while applying herbicides, etc. Later, an interaction session was also arranged to clarify the doubts with respect to herbicides ban, availability and other aspects of weed management.

विश्व मृदा दिवस

निदेशालय ने किसानों, विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को शामिल करते हुए 05 दिसंबर, 2022 को "मृदा: जहां भोजन शुरू होता है" विषय के तहत विश्व मृदा दिवस मनाया। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय, गडर पिपरिया ग्राम, सहजपुर मोहल्ला, जबलपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशालय के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों सहित लगभग 150 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और छात्रों के बीच पारिस्थितिक तंत्र, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ मिट्टी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

